प्रेस विज्ञप्ति

एल.आर. बाली का नागरिक सत्कार

प्रसिद्ध जेष्ठ आंबेडकरी माननीय एल.आर. बाली, संपादक 'भीम पत्रिका' के 85वें जन्मदिवस के अवसर पर रविवार दिनांक 20 जुलाई, 2014 को सायं 4.00 बजे 'मंगल मंडप', कामठी रोड, नागपुर में माननीय हरिश चहांदे की अध्यक्षता में नागरिक सत्कार समारोह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर नागपुर की अनेक संगठनाओं ने बाली साहेब को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।

सत्कार समारोह में बाली साहेब को 'समतारत्न' से नवाजा गया। इस अवसर पर प्रा.डॉ. भाऊ लोखंडे, प्रा. रणजीत मेश्राम, डॉ. कृष्णा कांबले ने बाली साहेब के कार्यो पर प्रकाश डाला। बाली साहेब के सम्मान में डॉ. संजय गजभिए द्वारा संपादित एक गौरवग्रंथ का भी प्रकाशन किया गया। अपने सम्बोधन में माननीय बाली साहेब ने अम्बेडकरी समाज से अपील की कि, ''वास्तव में अम्बेडकरी समाज यदि मेरा सत्कार करना चाहता है तो सबसे पहले एकजूट हो जाए तभी मेरा सच्चा सत्कार हो सकता है।''

समारोह का संचालन सत्कार समिति के सहसचिव सचिन कांबले ने किया तथा आभार सचिव दादाराव अंबादे ने माना। समारोह को सफल बनाने के लिए प्रविण मेश्राम, भीमराव भित्रे, विनायकराव जामगडे, पक्षभान ढोक, लहू गणार, नितीन शंभरकर, राजहंस भगत, प्रज्ञानकर चंदनखेडे, भंदत नागदिपंकर थेरो का विशेष सहयोग रहा।